सार-समाचार

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यावर (निसं)। श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर जनजाति गौरव वर्ष मनाने की श्रृंखला में आज जनजाति समाज भारतीय सामाजिक व्यवस्था का अभिन्न अंग, स्वतंत्रता संठाम में जनजाति समाज एवं नेताओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ लोढा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने सामाजिक चेतना और आजादी की राह में अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। उनके योगदान को युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा तथा यह जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत को भी नई पहचान प्रदान करेगा।इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी के साथ आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार विकसित भारत 2047 के विजन में विकसित भारत के निर्माण और आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा ने बताया कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए युवाओं की बड़ी भूमिका है। आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव विकसित भारत के सपने को पूरा करेगी। यह समावेशी विकास, नवाचार, स्थिरता और सुशासन पर केंद्रित है, जिससे समाज के हर वर्ग की समृद्धि सुनिश्चित होती है।

पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन 10 को

भीलवाडा (निसं)। पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन 10 नवंबर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न व्यवसायों से आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यार्थी भाग ले सकते है, जिन्हें शिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुओं का नियोजन जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में किया जायेगा। सहायक शिक्षुता सलाहकार एवं उपनिदेशक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि जिले के समस्त राजकीय, निजी आई,टी,आई, के शैक्षिणक एवं तकनीकी योग्यताधारी एवं फ्रेशर अभ्यार्थी भाग लेने के लिए 10 नवंबर को प्रातः 10 बजे से मेले में अपने मूल दस्तावेज व बायोडेटा सहित उपस्थित होकर पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले से लाभान्वित होवें।

कच्ची बस्ती में शुरू हुई पाठशाला पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा (निसं)। अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन, भीलवाड़ा इकाई ने पश्चिमी राजस्थान इकाई की सभी महिलाओं के साथ मिलकर ओरा कैफ़े में एक भव्य एवं रंगारंग दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। खुशियों के इस त्यौहार को हंसी, मस्ती, गेम्स और सरप्राइज़ गिफ्ट्स के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्वादिष्ट भोजन और मनोरंजन ने इस मिलन समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं के उत्साह को दोगुना कर दिया। अध्यक्ष रूपा परस रामपुरिया ने बताया सेवा भाव को समर्पित इस सम्मेलन में सदस्यों ने अपनी एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल पर भी विचार-विमर्श किया। भीलवाड़ा इकाई ने हाल ही में कच्ची बस्ती में घुमंतू जाति के लोगों के लिए एक पाठशाला शुरू की है, जहाँ वर्तमान में लगभग 30-35 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इस दौरान, महिलाओं ने भविष्य में आयोजित की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों पर आधारित अन्य सेवा प्रोजेक्ट पर भी गहन चर्चा की। इस सफल आयोजन में रूपा परसरामपुरिया, नूतन सिंगला, वंदना अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रितु नागौरी, गुणमाला अग्रवाल, आशा दुदावत, जया अग्रवाल, संगीता मानसिंहका, सपना अग्रवाल, सीमा निमोदिया, डॉ. नीतू जालान, उषा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अंजना क्याल, रीना अग्रवाल, अंजना मानसिंहका सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर में भाग लेंगे स्काउट गाइड

ब्यावर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ जवाजा के 10 स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर में भाग लेगे।स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि स्थानीय संघ के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा के 7 स्काउट और 3 गाइड, मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र पुष्कर घाटी अजमेर में 4 नवंबर से 7 नवम्बर तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर में भाग लेने हेतु रवाना हुए।इस शिविर में सभी स्काउट गाइड की स्काउट कौशल के विषयों की लिखित और प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा में सफल होने वाले स्काउट गाइड को राज्यपाल पुरस्कार दिया जाएगा।यह स्काउट ,स्काउटर विशाल दीप उदय और गाइडर हेमा मेडम के नेतृत्व में शिविर में भाग लेंगे।प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड़, उपप्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा प्रकाश चंद जोशी , रामचन्द्र शर्मा, रतन सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह रावत, बनवारी लाल बैरवा, दीपिका सोनगरा, रूपकला शर्मा,दयाल पूरी गोस्वामी, चंपालाल नागर,मधुमति, जमना रावत, रेणु सेन आदि स्काउट गाइड को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

मानस मर्मज्ञ मनावत ने बतायी भक्ति की शक्ति

भीनमाल। जालोर जिले की ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी भीनमाल में इन दिनों समर्थ शिशु राम कथा का भव्य और विराट आयोजन चल रहा है। श्रेष्ठ संतान उत्पत्ति को लेकर विद्या भारती के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन पंडित श्याम मनावत ने कहा कि भारत संबंधों का देश है। यहां संपूर्ण जीवन संबंधों से बंधा हुआ है। हमने भूमि को भी भूमि मात्र नहीं कहा बल्कि उसे मां के रिश्ते में बांधकर मातृभूमि कहा। हमने गंगा, गीता, गायत्री को भी मां कहा है। क्योंकि अपना देश संबंधों पर निर्भर करता है। मात्र सोलह साल का खुदीराम बोस इसलिए फांसी के फंदे पर झूल गया क्योंकि वह भारत को अपनी मां मानता था। बिना संबंधों के समर्पण संघर्ष और त्याग नहीं पैदा होता। वंदेमातरम वह मंत्र है जिसमें अपनी भूमि के प्रति मां का भाव जाग्रत होता है। वह संबंधों की ही शक्ति है, भारत देश में परमात्मा को भी पुत्र बना लिया जाता है। महाराज मनु ने परमात्मा को पुत्र बना लिया, तो महाराज हिमाचल ने जगदंबा को अपनी बेटी बना लिया। राजस्थान की धरती की भक्तिमति मीरा जी ने भगवान को अपना पति बना लिया। यह संबंधों की ही ताकत है कि वह पूर्ण ब्रह्म परमात्मा छछिया भर छाछ के लिए गोपियों के सामने नृत्य करता है। पंडित मनोज जी ने कहा कि ईश्वर के साथ संबंध बनाकर उसे ही पुत्र के रूप में प्राप्त करने की कामना करना जो ईश्वर जैसा पुत्र प्राप्त करना चाहता हूं वह भगवान की भक्ति के माध्यम से ईश्वर को अपना बेटा बन सकता है। कथा से पूर्व राम की प्रतिमा और रामायण का पूजन डॉ श्रवण कुमार मोदी, कन्हैयालाल खंडेलवाल, भंवर कानूगो ने सपत्नीक किया। संचालन हनुमान प्रसाद दवे ने किया। मनधर निवासी प्रेमसिंह राव प्रसादी के लाभार्थी रहे। इस अवसर पर गुमान सिंह राव, जोगाराम चौधरी, राणमल शर्मा, दिनेश भाटी, श्याम खेतावत, कोलचंद सोनी, दिनेश चंद्र गौड, नारायण जांगिड, महेश व्यास आदि बडी संख्या में स्त्री पुरुष उपस्थित थे।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जालोर। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को महाविद्यालयों में निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिले के महाविद्यालयों में आयोजित निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, जल-जंगल-जमीन की रक्षा हेतु किए गए आंदोलन तथा आदिवासी अस्मिता के पुनर्जागरण पर अपने विचार निबंध, भाषण व पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने वर्ष 2047-विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तेजल कुमारी ने प्रथम, बीएससी पंचम सेमेस्टर यास्मीन बानो ने द्वितीय व बीए तृतीय सेमेस्टर की सानिया राजपुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ब्रह्म चतुर्दशी के पावन अवसर पर ब्रह्मा सरोवर में साधु संतों ने किया शाही स्नान

■ बैंड बाजो के साथ स्नान पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे साधु संत

पुष्कर,(निसं)। कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाखों की तादात में श्रद्धालु स्नान पूजा अर्चना कर रहे है। पद्म पुराण विष्णु पुराण ब्रह्म पुराण के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन जो व्यक्ति पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान पूजा करता है उसको सीधा का बैकुंठ का वास मिलता है। श्रद्धालु स्नान पूजा अर्चना करके पवित्र पुष्कर सरोवर की परिक्रमा लगाते हैं। जोधपुर पीठ के सैनाचार्य अचलानंद जी महाराज राम रमैया आश्रम के प्रेमदास जी महाराज बैंड बाजो के साथ सप्तऋषि घाट पर पहुंचे जहां संतों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान किया।

जोधपुर पीठ के प्रेमदास जी महाराज बैंड बाजो के साथ सप्तऋषि घाट पर पूजा अर्चना की।

जयपुर से पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं ने बताया कि कई सालों से वह इन 5 दिनों में पवित्र पुष्कर स्वर में स्नान पूजा अर्चना करने के लिए आती है और यहां लेकर साधु-संतों लोगों को भोजन भंडारा करवाती है। इस कार्यक्रम के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ने बताया कि। गत कई सालों से सप्तऋषि घाट पर संतों का शाही स्नान आयोजित किया जाता है जिसमें सैकड़ो संत बैंड बाजा के साथ और कई संत पूर्व में स्नान करके चले जाते हैं।

पुष्कर की महिमा को लेकर प्रसिद्ध पंडित कैलाशनाथ दाधी ने बताया कि यहां स्नान पूजा अर्चना करना बहुत ही दुर्लभ है इन पांच दिनों में जो स्नान पूजा अर्चना करता है उसे सीधे बैकुंठ की प्राप्ति होती है।

जैसे ही भक्तों की भीड़ बड़ी इस प्रकार संत महत्व का भी आना शुरू हो गया है घाटों के किनारे और आश्रमों में हजारों की तादाद में संत पहुंच गए हैं संतो के दर्शन करने के लिए भी भक्त परिक्रमा मार्ग में आ रहे हैं।

दो सौ कुण्डीय गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ 8 मार्च से पुष्कर में

■ स्वामी श्री प्रखर जी महाराज का गणाधीश वाटिका में पदार्पण हुआ

ब्यावर (निसं)। शहर की धर्म धरा पर ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पूरी पूर्वाचार्य ब्रह्मलीन जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी निरंजन देव तीर्थ जी के परम् शिष्य परम् पूज्य यज्ञ सम्राट अनंत विभूषित महामण्डलेश्वर स्वामी श्री प्रखर जी महाराज का गणाधीश वाटिका में पदार्पण हुआ। जिसमें शहर के ब्राह्मणों को तीर्थराज पुष्कर स्थित गायत्री शक्तिपीठ ,मणिका शक्तिपीठ स्थल पर होने वाले 8 मार्च से 19 अप्रेल को विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 43, दिनों में 200, कुण्डीय विराट शत (100) गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ(एक पुरश्चरण में 24,लाख गायत्री मंत्र का जप होता है। अतः 100,पुरश्चरण में 24, करोड़ गायत्री मंत्रों का जाप जिसके दशांश हवन,इस प्रकार 27, करोड़ गायत्री मंत्रों का जाप होगा जिसमें 200, भाग्यशाली ब्राह्मण यजमान भाग लेंगे। ब्राह्मण और भगवती पराम्बा मां गायत्री के बारे में विस्तार से समझाकर जिले के ब्राह्मणों को संबोधित करते हुए उक्त महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।उल्लेखनीय है कि इस महायज्ञ में देश विदेश के लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे।उक्त कार्यक्रम में सर्वेश दवे,उमाकान्त द्विवेदी, राजेन्द्र दवे,श्री कान्त द्विवेदी,महेश दवे,रमेश शर्मा, रमेश आचार्य,हरीश शर्मा,राजेन्द्र शर्मा, शंभूदयाल व्यास, सी.पी.अग्निहोत्री, दिनेश शर्मा, मनोज व्यास, मनोज शर्मा, योगेश पंचौली,विजय पारीक,राजेश बाबा, राजेश शर्मा,लोकेश उपाध्याय, घनश्याम उपाध्याय, सहित ब्यावर के गणमान्य सभी धड़ों के ब्राह्मण उपस्थित रहे।

अजमेर दरगाह में बॉलीवुड गायक राठौड़ और सोनाली ने की जियारत

■ रूप कुमार राठौड़ अपनी पत्नी सोनाली राठौड़ के साथ ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ पहुंचे

अजमेर,(निसं)। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक रूप कुमार राठौड़ अपनी पत्नी और मशहूर गायिका सोनाली राठौड़ के साथ ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ पहुंचे, जहां दोनों ने गरीब नवाज की जियारत की और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।

दरगाह पहुंचकर रूप कुमार राठौड़ और सोनाली ने गरीब नवाज की मजार पर मखमली चादर और फूल पेश किए, दरगाह के खादिम सैयद दानिश मोईन ने उन्हें जियारत कराई और दरगाह शरीफ का तबर्रुक भेंट किया। खादिम ने दोनों कलाकारों का स्वागत किया और दरगाह की रिवायतों के अनुसार दस्तारबंदी की। रूप कुमार राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में बताया कि करीब 15 साल पहले वे दरगाह में आए थे। इस बार उन्हें फिर से बुलावा महसूस हुआ, इसलिए वे चले आए, उन्होंने कहा, ख्वाजा साहब की दरगाह में आकर सुकून मिलता है। मैंने यही दुआ मांगी है कि देश में अमन, चैन और खुशहाली बनी रहे। सभी लोग सुखी रहें और देश तरक्की करे, सोनाली राठौड़ ने भी दरगाह की फिजा की तारीफ की और कहा कि यहां की रूहानियत हर दिल को छूती है। दोनों गायकों ने दरगाह के बाहर मौजूद श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और फोटो खिंचवाई, बॉलीवुड में अपनी सुरीली आवाज से मशहूर रूपकुमार राठौड़ ने कई हिट गाने गाए हैं,जबकि सोनाली राठौड़ भी क्लासिकल और सूफी गायकी में प्रसिद्ध हैं।

जिलेभर में होंगे देश भक्ति के कार्यक्रम

जालोर। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में 8 से 15 नवम्बर तक देशभक्ति, स्वदेशी और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने वाले विविध कार्यक्रम होंगे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने बताया कि कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 8-9 नवम्बर को जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रभातफेरी, बाइक रैली, रन, शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि, विद्यालयों में सामूहिक गायन, चित्रकला, निबंध लेखन व रंगोली प्रतियोगिताएं होंगी। एनएसएस स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे, वहीं स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा। 10 से 15 नवम्बर तक क्रमवार सभी सरकारी कार्यालयों, निकायों, पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों व पुलिस थानों में वंदे मातरम सहित स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे।

आम सूचना

हर खासो आम को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निशा नदवानियां पुत्री श्री रामशरण जी नदवानियां ने थोक तेलियान के खसरा संख्या 108 व 109 के भाग में स्थित दो मंजिला आवासीय सम्पत्ति जो कि भूखण्ड संख्या-डी पर निर्मित मकान जो कि भूखण्ड संख्या-18 के भाग में से विखण्डित भू-भाग है जो कि वाके जिनदत्त सूरि एनक्लेव मित्र नगर, ग्राम-नौसर रातीडांग, तहसील व जिला-अजमेर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 93.33 वर्ग गज है को क्रय कर रहे हैं अब यदि किसी को भी उक्त सम्पतित के स्वामित्व उत्तराधिकार तथा मूल दस्तावेजात के संबंध में आपत्ति हो तो 03 दिन में मय सबूत सम्पर्क करें अन्यथा कोई उज्र अथवा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-संदीप टांक, एडवोकेट, जरियें लीगल कौंसिल,26 स्टेट बैंक कॉलोनी, गोखले मार्ग, पुलिस लाईन,अजमेर, 9785397883, 0145-3565513

आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ी

जालोर। अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी लि. जालोर (अनुजा निगम) द्वारा जिले में वित्तीय 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाईकर्मी, अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगजन वर्ग के व्यक्तियों को राष्ट्रीय निगमों से विभिन्न योजनाओं में रियायती ब्याज दर पर स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवम्बर किया गया है। अनुजा निगम जालोर के परियोजना प्रबन्धक भगवानाराम चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी लि. जालोर (अनुजा निगम) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन ऋण के आवेदन के लिए पोर्टल खोला जा चुका है।

जनजातीय गौरव वर्ष के तहत हुए जिलेभर में विशेष आयोजन

■ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष, महाविद्यालयों में चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित

ब्यावर (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत जिलेभर में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई। जिले के समस्त महाविद्यालयों में निबंध लेखन, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से युवाओं में जनजातीय इतिहास, संस्कृति, परम्परा एवं गौरव की समझ को और अधिक सशक्त करने का उद्देश्य रखा गया।

विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति, परम्परा एवं कला विषय पर प्रभावशाली अभिव्यक्ति प्रस्तुत करते हुए बिरसा मुंडा के संघर्ष, विचार, सामाजिक चेतना, प्रकृति-प्रेरित जीवन और कला को शब्दों, रंगों एवं वक्तृत्व के माध्यम से सार्थक रूप से प्रतिबिंबित किया।डॉ. रेखा मंडोवरा, प्राचार्य सनातन धर्म महाविद्यालय ने कहा कि जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास, अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास करना ही भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति वास्तविक श्रद्धांजलि है। औपनिवेशिक उत्पीड़न और जमींदारी शोषण के विरुद्ध उनका जन-आंदोलन देशभर में ट्राइबल राईट्स चेतना का महत्वपूर्ण आधार बना।उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को भूमि अधिकार, सामाजिक सम्मान एवं पारंपरिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित किया। उनका संघर्ष न्याय, सत्य और स्वाभिमान की सतत प्रेरणा है।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4109 आपत्ति आमंत्रित सूचना दिनांक: 10-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं.	मकान मालिक का नाम	मौहल्ले का नाम	क्षेत्रफल
20	नीलम मधनानी पत्नि सेवक राम मंघनानी	वार्ड नं. 21 यूनियन बैंक के सामने बिजयनगर ब्लॉक नं. 162 के प्लाट नं. 1 की दुकान 05	13.47 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/भूमि/2025/9395 आम सूचना दिनांक: 04-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश वैष्णव पुत्र श्री बाबूलाल वैष्णव निवासी वार्ड नं. 58 राजकीय स्कूल के पास, सांवतसर ने स्टेट ग्राण्ट एक्ट के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की वार्ड नं. 58 राजकीय स्कूल के पास, सांवतसर में स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 194.44 वर्गमीटर है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में- रास्ता पश्चिम में- रास्ता

उत्तर में- सर्वेश्वर वैष्णव का मकान दक्षिण में- रास्ता

उक्त सीमा मध्य स्थित स्टेट ग्राण्ट एक्ट के तहत पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करें बाद-मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज स्वीकार मान्य नहीं होगा।

अतः सूचित रहे -प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद किशनगढ़

पेंशनरों के लिए जीवित प्रमाण-पत्र शिविर 10 नवंबर को

■ नसीराबाद शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर भाग ले सकते हैं

नसीराबाद, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज, उपशाखा नसीराबाद द्वारा पेंशनरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जीवित प्रमाण-पत्र भरवाने हेतु एक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 10 नवम्बर 2025 (सोमवार) को पेंशनर भवन, तहसील कार्यालय के पास, नसीराबाद में आयोजित होगा। इस शिविर में नसीराबाद शहर सहित आस-पास के ठामीण क्षेत्रों के सभी पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर भाग ले सकते हैं। शिविर का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। राजस्थान पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पेंशनरों को जीवित प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों से राहत दिलाना है। इस दौरान पेंशनरों को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। संगठन ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे अपने साथ आधार कार्ड की कॉपी अवश्य लेकर आएं, ताकि उनका जीवित प्रमाण-पत्र समय पर भरवाकर जमा कराया जा सके। इस पहल से नसीराबाद क्षेत्र के पेंशनरों को महत्वपूर्ण सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी और उन्हें प्रमाण-पत्र के लिए अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी।

मटका रेस का विदेशियों ने उठाया लुत्फ हजारों दर्शक जमे रहे मेला मैदान में

■ राज्य सरकार विभाग की ओर से पुष्कर के मेला मैदान में देसी विदेशी महिलाओं के बीच मटका रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पुष्कर, (निसं)। विश्व विख्यात पुष्कर मेले में पर राज्य सरकार विभाग की ओर से पुष्कर के मेला मैदान में देसी विदेशी महिलाओं के बीच मटका रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन जिसमें देसी विदेशी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया पुष्कर के मेला मैदान में मटकी के अंदर पानी भर अपने सर के ऊपर रखकर लगाई दौड़ देसी विदेशी महिलाओं ने दौड़ लगाई जिसमें प्रथम पोजीशन सेकंड पर भारतीय युवतियो को पुष्कर के मेला मैदान में सम्मानित किया गया। बालू मिट्टी के बीच सर पर मटकी रखकर देसी विदेशी महिलाओं ने मटका रेस प्रतियोगिता में भाग लिया प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देसी विदेशी महिलाएं काफी खुश नजर आए बातचीत के दौरान इंग्लैंड की युवती ने बताया कि वह पहली बार ऐसी प्रतियोगिता में भाग लिया है और उससे बहुत अच्छा लगा भारतीय कल्चर भारतीय संस्कृति की उसने तारीफ की। सभी विजयी प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक: 1528 जाहिर आम सूचना दिनांक-03-11-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/168, पंचशील अजमेर क्षेत्रफल 92.250 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री सुनिल रांका पुत्र श्री भागचन्द रांका को आवंटित कर दिनांक 21.02.2014 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री सुनिल रांका पुत्र श्री भागचन्द रांका द्वारा दिनांक 28.04.2014 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात श्री सुनिल रांका पुत्र श्री भागचन्द रांका द्वारा आवास का बैचान श्री मनीष टांक पुत्र श्री हरीशचन्द्र टांक व श्रीमती पूनम टांक पत्नि श्री मनीष टांक को दिनांक 23.01.2019 को आवास का बैचान कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2000 में पृष्ठ संख्या 108 क्रम संख्या 201903001100435 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4994 के पृष्ठ संख्या 70 से 80 पर दिनांक 23.01.2019 को चस्पा किया गया है। अब श्री मनीष टांक व श्रीमती पूनम टांक ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री मनीष टांक व श्रीमती पूनम टांक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुंजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। - सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल,खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक: 1531 जाहिर आम सूचना दिनांक-03-11-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/84, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री वीरेन्द्र नारायण माथुर एवं श्रीमती शीला माथुर को आवंटित कर दिनांक 25.10.2000 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री वीरेन्द्र नारायण माथुर एवं श्रीमती शीला माथुर द्वारा दिनांक 04.06.2021 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात श्री वीरेन्द्र नारायण माथुर एवं श्रीमती शीला माथुर द्वारा आवास का बैचान श्रीमती नीलम मनवानी पत्नी श्री हरीश मनवानी को दिनांक 28.02.2025 को आवास का बैचान कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 958 में पृष्ठ संख्या 120 क्रम संख्या 202503002101951 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3831 के पृष्ठ संख्या 446 से 457 पर दिनांक 28.02.2025 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती नीलम मनवानी पत्नि श्री हरीश मनवानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती नीलम मनवानी पत्नि श्री हरीश मनवानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुंजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। - सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

म्यूजिकल चेयर में देशी युवती ने विदेशी युवतियों को चटाई धूल

पुष्कर, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला के अंतिम दौर में मेले में देशी व् विदेशी संस्कृतिक की छटा एक साथ देखने को मिल रही है। वही मेला मैदान पर देशी व् विदेशियो युवतियो के बीच म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। चेयर रेस में देशी युवतियो ने विदेशी बाला को पछाड़ दिया। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में पहले तो देशी बालाओ ने विदेशी बालाओ को कुर्सी पर बैठने लिए खूब भगाया। इसके बाद विदेशियों बालाओ को देशी खेल समझ में आ गया।